# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 27 नवंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री


4 संविधान हमारी स्वतंत्रता, समानता और संकल्प का आधार




## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव आज कोरिया में



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी छग के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव 27 नवंबर को प्रातः रेल मार्ग से बैकुंठपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। रेल्वे स्टेशन पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष श्री देव इसके पश्चात सर्किट हाउस बैकुंठपुर के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वे पार्टीजनों से मुलाकात एवं संगठनात्मक चर्चा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे बैकुंठपुर से सुबह 10:30 बजे एमसीबी जिले के लिए रवाना होंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने दी है।

### ग्रामीणों ने जनदर्शन में की शिकायत

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के ग्राम छिन्दडांड स्थित शासकीय जमीन पर एक व्यक्ति के द्वारा किए जा रहे अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाए जाने की मांग ग्रामीणों ने जनदर्शन में शिकायत कर की है। इन लोगों का कहना है कि जेसीबी वाहन से अवैध खनन, समतलीकरण कराते हुए कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

### नई चेतना 4.0 जेंडर समानता राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** बिहान अंतर्गत चलाए जा रहे वार्षिक राष्ट्रीय अभियान नई चेतना 4.0 का शुभारंभ जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में किया गया। यह अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलेगा, जिसका उद्देश्य समाज में जेंडर समानता, महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान के प्रति जन-जागरण लाना है। अभियान की जिला स्तरीय शुरूआत कलेक्टर के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती अंकिता सोम के मार्गदर्शन में नवा बिहान संकुल स्तरीय संगठन में हुई। कार्यक्रम में मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक के सभी संकुल स्तरीय संगठन पदाधिकारियों, ग्राम संगठन एवं स्व सहायता समूह के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज की। बैठक में पूरे एक माह तक चलने वाले अभियान की साप्ताहिक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### जिला व राज्य स्तरीय आयोजन के लिए दिशा-निर्देश जारी

**मनेन्द्रगढ़।** संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा वर्ष 2025-26 के युवा उत्सव के सफल आयोजन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान करने उद्देश्य से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जिला एवं राज्य स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जारी निर्देशों के अनुसार संचालनालय के पत्र क्रमांक 69 9 अप्रैल द्वारा प्रति विकासखंड 35,000 रूपए और प्रति जिला 1,75,000 रूपए का बजट स्वीकृत किया गया है। इस वर्ष जिला एवं राज्य स्तरीय युवा उत्सव आयोजित होना है, इसलिए विकासखंड स्तरीय महोत्सव के लिए आवंटित बजट का उपयोग जिला स्तरीय उत्सव में तथा राज्य स्तरीय आयोजन के लिए प्रतिभागियों के यात्रा व्यय में किया जाएगा।

### मतदाता पुनरीक्षण के लिए अभियान जारी

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में चल रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बुधवार को बूथ स्तर अधिकारियों द्वारा घर-घर पहुंचकर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन, नए नामों का पंजीकरण तथा सुधार कार्य किया गया। स्थानीय वार्डों और ग्रामीण इलाकों में टीमों ने लोगों को फॉर्म-6, 7 और 8 की जानकारी देते हुए आवश्यक दस्तावेजों के साथ सही तरीके से आवेदन भरने के लिए मार्गदर्शन किया। कई स्थानों पर महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

# अवैध संबंध की सजा, महिला और युवक के चेहरे पर पोती कालिख

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

**जनकपुर के बरेल गांव की घटना, जांच में जुटी जनकपुर पुलिस**







एमसीबी जिले के जनकपुर विकासखंड के बरेल गांव में अवैध संबंध के मामले ने गंभीर रूप ले लिया, जब ग्रामीणों ने एक पुरुष और महिला को पकड़कर उनके साथ आपत्तिजनक व्यवहार किया।

बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से अवैध संबंध होने की चर्चा गांव में थी, जिसे लेकर ग्रामीण तथा परिजन नाराज थे। इसी नाराजगी के चलते ग्रामीणों ने दोनों को सार्वजनिक तौर पर अपमानित किया। मिली जानकारी के अनुसार घटना तब हुई जब कुछ गांव की एक महिला को उसके पति ने 21 नवंबर को शंका के आधार पर अपने घर से निकाल दिया, जिसके बाद महिला उसी युवक के घर में रहने चली गई, इसके दो दिन बाद महिला का चचेरा ससुर, चचेरी सास व दो अन्य लोगों ने पहले पुरूष और महिला के चेहरे पर कालिख पोत दी और पूरे गांव में घुमाया। इस दौरान कई लोगों ने वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है। कुछ ग्रामीणों ने इस कदम को न्यायसंगत बताया, जबकि बड़ी संख्या में लोगों का मानना है कि इस तरह की सार्वजनिक बेइज्जती कानूनन गलत है और किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकती। स्थानीय प्रशासन को भी मामले की जानकारी मिल चुकी है। सूत्रों के अनुसार पुलिस अब वीडियो और ग्रामीणों के बयान के आधार पर मामले की जांच कर रही है। रिपोर्ट पर जनकपुर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 294, 506, 323 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। कानूनी जानकारों का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को अपमानित करना, उसे मारना-पीटना या सार्वजनिक रूप से प्रताड़ति करना कानूनन अपराध है। किसी भी विवाद को निपटाने के लिए देश में न्याय व्यवस्था मौजूद है और ग्रामीणों की यह हरकत स्वतः न्याय की श्रेणी में आती है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है तथा आगे की कार्रवाई की तैयारी में जुटी हुई है। घटना ने एक बार फिर ग्रामीण इलाकों में बढ़ते सामाजिक दबाव और कानून के प्रति जागरूकता की कमी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## टर्निंग प्वाइंट पर बढ़ा खतरा, आए दिन होते हैं हादसे

# क्षतिग्रस्त है सड़क सुरक्षा की तीसरी आंख 'दर्पण'



क्षतिग्रस्त मिरर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के सिविल लाइन मार्ग स्थित शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सामने टी-प्वाइंट पर सड़क सुरक्षा के लिए लगाया गया उत्तल दर्पण पिछले एक वर्ष से अधिक समय से क्षतिग्रस्त पड़ा है। खराब दर्पण के कारण इस मोड़ पर दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है।

हरिभूमि ने पहले भी इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक इस क्षतिग्रस्त कॉन्वेक्स मिरर की मरम्मत या बदलने की दिशा में कोई पहल नहीं कर पाया है। स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों का कहना है कि यह टी-प्वाइंट ब्लाइंड स्पॉट होने के कारण काफी खतरनाक है, जहां से अचानक वाहन निकल आते हैं। ऐसे स्थानों पर सड़क सुरक्षा के तहत उत्तल दर्पण इसलिए लगाया जाता है ताकि चालक को अंधे मोड़ से आने वाले वाहन स्पष्ट रूप से दिखाई दे सकें। उभरी बनावट वाला यह दर्पण छोटे आकार में भी व्यापक क्षेत्र को दिखाने की क्षमता रखता है, जिससे चालक समय रहते सतर्क होकर अपनी गति कम कर लेता है।

- एक वर्ष से अधिक से खराब दर्पण, सुरक्षा व्यवस्था ठप
- सिविल लाइन टी-प्वाइंट पर लगा उत्तल दर्पण लंबे समय से क्षतिग्रस्त।
- ब्लाइंड स्पॉट होने के कारण हर दिन दुर्घटना का बना रहता है खतरा।
- शहरवासी बोले-बदला जाए दर्पण, नहीं तो हो सकता है बड़ा हादसा।

### तीसरी आंख की तरह करता है काम

सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार उत्तल दर्पण वाहन चालकों के लिए तीसरी आंख की तरह काम करता है। दो सड़कों के मिलने वाली जगहों पर जहां सीधी दृष्टि संभव नहीं होती, यह दर्पण पहले से ही सामने से आने वाले वाहनों का संकेत दे देता है, इससे दुर्घटनाओं की संभावना काफी कम हो जाती है। क्षतिग्रस्त दर्पण के कारण फिलहाल यह सुविधा बेअसर हो चुकी है। नागरिकों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द नए दर्पण की व्यवस्था कर टी-प्वाइंट को सुरक्षित बनाने की मांग की है।



प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र सौंपते अतिथि।

# जिला स्तरीय रोजगार मेला सौंपे गए नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र तथा जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज कोरिया के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सभा कक्ष में जिला स्तरीय रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया।

मेले में बारबीक नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड बैंगलोर, सेफ इंटेलिजेंस सिक्योरिटी सर्विसेज भिलाई,सत्यम माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड रायपुर, याकोहामा वूमेन अप्रेंटिस ट्रेनिंग सेंटर गुजरात, समतल टेक्सटाइल एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड राजस्थान तथा परमिला होंडा बैकुंठपुर जैसी प्रतिष्ठित निजी कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों द्वारा सेल्स एजुकेटिव, फील्ड सेल्स एजुकेटिव, कंप्यूटर ऑपरेटर, रिसेप्शनिस्ट, टेली कॉलर, टेक्नीशियन, फूड प्रोडक्शन, ऑपरेटर, सर्विस ऑपरेटर, गार्बेज ऑपरेशन, सिक्योरिटी गार्ड, फील्ड ऑफिसर, मार्केटिंग मैनेजर, मशीन ऑपरेटर एवं लर्नर सहित विभिन्न पदों के लिए प्लेसमेंट प्रक्रिया संचालित की गई। आयोजित रोजगार मेले में कुल 480 शिक्षित बेरोजगार युवाओं ने पंजीयन कराया, इनमें से 44 प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जनपद पंचायत ⏭ शेष पेज 4 पर

# विशेष गहन पुनरीक्षणः 68 मतदान केन्द्रों में 64 प्रतिशत कार्य पूर्ण



**डोमनहिल।** एमसीबी जिले के विधानसभा क्रमांक 02 मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत नगर पालिक निगम चिरमिरी क्षेत्र के 68 मतदान केन्द्रों में भारत निर्वाचन आयोगए नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 एसआईआर 2025 का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है।

इस महत्वपूर्ण कार्य में सुपरवाइजर, बीएलओ, वालंटियर, डेटा ऑपरेटर तथा सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है। एसआईआर 2025 के तहत बीएलओ व नियुक्त वालंटियरों द्वारा मतदाताओं को गणना पत्रक फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं तथा उन्हें सही ढंग से भरकर जमा करने की प्रक्रियाओं से अवगत कराया जा रहा है। निगम क्षेत्र के 68 मतदान केन्द्रों के लिए कुल 53,600 मतदाता दर्ज हैं, जिनमें से 52,778 गणना पत्रक वितरित किए जा चुके हैं। 26 नवंबर की स्थिति में 64 प्रतिशत मतदाता विवरण का मिलान पूरा किया जा चुका है। निर्वाचन कार्य को 4 दिसंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य है, किंतु नगर पालिक निगम चिरमिरी द्वारा 100 प्रतिशत मिलान 30 नवंबर 2025 से पहले पूरा करने का संकल्प लेते हुए तेजी से कार्य किया जा रहा है। मतदाताओं को यदि गणना पत्रक भरने अथवा किसी भी जानकारी की आवश्यकता होती है तो निर्वाचन प्रभारी देशपांडे निगम कार्यालय में आवश्यक सहायता व समाधान उपलब्ध करा रहे हैं। क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि भी सक्रियता से सहयोग कर रहे हैं, जिससे एसआईआर 2025 अभियान सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है।



# आईटीआई छात्रों और लालपुर में निकाली जागरूकता रैली

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के दिशा-निर्देश और जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा तथा आरके खाती के मार्गदर्शन में बाल संरक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा जिला बाल संरक्षण अधिकारी कोमल सिंह की उपस्थिति में ग्राम पंचायत लालपुर के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) मनेन्द्रगढ़ में बाल विवाह मुक्त छग अभियान पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें आईटीआई के विद्यार्थियों के साथ बाल विवाह के दुष्परिणाम, सही उम्र में शिक्षा और विवाह का महत्व, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला घरेलू हिंसा शिकायत के लिए हेल्पलाइन 181 और पुलिस हेल्पलाइन 112 के उपयोग और महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के बाद विद्यार्थियों ने बाल विवाह के खिलाफ रैली निकालकर पूरे क्षेत्र में जागरूकता का संदेश दिया।

# सरपंचों और ग्रामीणों ने किया संविधान की उद्देशिका का वाचन




**बैकुण्ठपुर।** हम भारत के लोग यह संदेश बुधवार को अमृत सरोवर तटों पर पूरे उल्लास के साथ पढ़ा गया। संविधान दिवस के अवसर पर राज्य कार्यालय से प्राप्त संदेश के तारतम्य में 26 नवंबर को कोरिया जिले के सभी 54 अमृत सरोवर तटों पर संविधान दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों के साथ जनप्रतिनिधियों ने भागीदारी करते हुए अलग-अलग गतिविधियों में हिस्सा लिया। संविधान दिवस के अवसर पर सरोवर तटों पर उपस्थित ग्रामीणों के साथ ग्राम पंचायत सरपंचों ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया। इस अवसर पर सभी जगहों पर काफी संख्या में आम नागरिक, पंजीकृत मनरेगा श्रमिकों के साथ स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को आधार प्रदान करने और उसे आज तक संरक्षित करने का काम देश का संविधान करता है। यह एक लिखित दस्तावेज ना होकर हमारे भारत देश की आत्मा कहा जा सकता है। आज के ही अत्यंत महत्वपूर्ण दिन 26 नवंबर सन् 1949 में आजाद भारत ने अपने नए संविधान को अपनाया था। संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों के तारतम्य में सार्वजनिक संपत्तियों से संरक्षण का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हुए सभी अमृत सरोवर तटों पर पहले साफ-सफाई की गई। ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में ग्रामीणों ने आपसी सहभागिता से अपने गांव के महत्वपूर्ण जल संसाधन परिसर को स्वच्छ किया। संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र के साथ ही पूरे कोरिया जिले में जल के संरक्षण के लिए शपथ ली। सभी ने अपने दैनिक जीवन में जल को व्यर्थ ना बहने देने का संकल्प लेकर ज्यादा से ज्यादा वर्षा जल को भूमिगत कर उसके अधिकतम मात्रा का संरक्षण करने का संकल्प दोहराया।

## कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश, केन्द्रवार उड़नदस्ता तैनात

# अमीन भर्ती परीक्षा 7 दिसंबर को, अधिकारी निभाएं दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर





छग व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा आयोजित अमीन भर्ती परीक्षा आगामी 7 दिसंबर को दोपहर 12 से 2:15 बजे तक कोरिया जिले में भी आयोजित की जाएगी। परीक्षा को निष्पक्ष, नकलमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है।

विगत दिनों कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने नोडल अधिकारियों, केन्द्राध्यक्षों व परीक्षा संचालन से जुड़े सभी अधिकारियों की बैठक लेकर व्यापम के दिशा-निर्देशों के तहत कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केन्द्रों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। गोपनीय सामग्री की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उड़नदस्ता दल सतत निगरानी रखेगा। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करते पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जिले की शुचिता और सुरक्षा सर्वोपरि है तथा सभी अधिकारी समयबद्ध तरीके से अपना दायित्व निभाएं। परीक्षा दिवस की सुबह 9 बजे सभी आब्जर्वर जिला कोषालय बैकुंठपुर में उपस्थित होकर स्ट्रांग रूम से गोपनीय सामग्री प्राप्त करेंगे। सीलबंद पैकेट्स उन्हें सुबह 9:30 बजे तक अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षित पहुंचाने होंगे। परीक्षा के बाद वे सामग्री को शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में जमा करेंगे।

### परीक्षा के लिए उड़नदस्ता दल तैनात

जिला प्रशासन ने परीक्षा केन्द्रों के अंदर व बाहर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उड़नदस्ता दल भी नियुक्त किया है। दल में शामिल अधिकारी नायब तहसीलदार बैकुंठपुर शुभ कोसले, तहसीलदार पटना प्रतीक जायसवाल, पुलिस आरक्षक राजेश शांडिल्य, प्रधान आरक्षक राम प्रसाद सिंह, सहायक प्राध्यापक पीजी कॉलेज भूपेन्द्र सिंह, सहायक प्राध्यापक नवीन कन्या महाविद्यालय वरूण कुशवाहा होंगे। उड़नदस्ता दल परीक्षा पश्चात दो घंटे के भीतर अपनी रिपोर्ट समन्वयक केन्द्र में जमा करेगा।

### परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

सुबह 11:30 बजे के बाद प्रवेश पूर्णतः बंद होगा। हल्के रंग के आधी बाँह वाले कपड़े अनिवार्य है। गहरे रंगों वाला परिधान वर्जित है, पर्स, मोबाइल, घड़ी, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, बेल्ट, टोपी, स्कार्फ, आभूषण निषिद्ध है। परीक्षा में केवल काले/नीले बॉल पेन का उपयोग किया जाएगा। धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक में आने वालों को अतिरिक्त जांच से गुजरना होगा। चप्पल पहनकर ही प्रवेश दिया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि अमीन भर्ती परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता, सुरक्षा और पारदर्शिता के साथ आयोजित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें और अपने दायित्व का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करें।

# जिला स्तरीय कैंप कल

**बैकुण्ठपुर।** जिले के उन खाताधारकों के लिए यह खबर महत्वपूर्ण है जिनकी राशि लंबे समय से निष्क्रिय या बंद पड़े खातों के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड (डीफ) खाते में चली गई थी। अब वह राशि वापस पाने का सुनहरा अवसर जिले में 28 नवंबर को आयोजित होने वाले विशेष कैंप आपका पूंजी, आपका अधिकार में मिलेगा।

कैंप का आयोजन जिला पंचायत मंथन कक्ष में किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य पुरानी राशि वापस खाते में डालना है। यह अभियान 1 अक्टूबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक चलेगा। इसके तहत बैंक, बीमा कंपनियां और अन्य वित्तीय संस्थान मिलकर ऐसी राशि को वापस उसके सही हकदारों तक पहुंचाएंगे जो पुराने या निष्क्रिय बैंक खातों, गैर दावा की गई बीमा राशि, म्यूचुअल फंड निवेश से रिजर्व बैंक में पहुंच गई है। कैंप में आने वाले पात्र खाताधारकों को राशि वापसी की पुष्टि-पत्र भी दिए जाएंगे। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक शशिभूषण पाठक ने बताया कि इस अभियान का मकसद नागरिकों को उनकी भूली-बिसरी आर्थिक पूंजी को वापस दिलाना है। कई लोग पुराने खातों, बीमा पॉलिसियों या निवेशों को वर्षों तक नहीं देखते, जिससे राशि रिजर्व बैंक में चली जाती है। अब यह राशि आसानी से वापस मिल सकेगी। यह अभियान लोगों को उनके वित्तीय अधिकारों के प्रति जागरूक करता है और उन्हें अपनी जमा पूंजी वापस लेने का सरल तरीका प्रदान करता है। अभियान को सफल बनाने के लिए जिले की सभी बैंक शाखाएं, बीमा कंपनियां, स्टॉक एक्सचेंज और अन्य वित्तीय संस्थाएं एक साथ काम कर रही हैं। जिले के सभी खाताधारक आवश्यक दस्तावेजों के साथ कैंप में पहुंचकर अपनी पुरानी राशि का दावा जरूर करें।

## खबर संक्षेप



### मयंक सिंह मंडावी से मिलकर विधायक ने दी अपनी शुभकामनाएं

**सीतापुर।** सीजीपीएससी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में अजजा वर्ग से पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले मयंक सिंह मंडावी से विधायक रामकुमार टोप्पो ने मुलाकात की। भेंट के दौरान उनके विधायक ने मयंक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा कि आपकी यह उपलब्धि सीतापुर समेत पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाला है। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और उनमें आत्मविश्वास जगेगा। इस दौरान मयंक ने पीएससी परीक्षा की तैयारियों को लेकर विधायक से अपने अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि राज्य कर निरीक्षक के रूप में ड्यूटी करते हुए तैयारी कर पाना थोड़ा मुश्किल था इसके बाद भी मैंने समय निकाला और पिछले अनुभव को खुद से साझा करते हुए नई पारी की तैयारी शुरू कर दी। ड्यूटी के दौरान पढ़ाई को मैंने समय के साथ बांधा और पूरे आत्मविश्वास के साथ तैयारियों में जुट गया। विदित हो कि मयंक सिंह मरावी वार्ड क्रमांक 9 निवासी डिप्टी रेंजर रमेश मंडावी एवं देवमती सिंह के बड़े बेटे है और फिलहाल राज्य कर निरीक्षक के रूप में राजधानी में अपनी सेवाएं दे रहे है। इनकी दादी ललिता सिंह का सपना था कि इनका पोता पढ़ लिखकर डिप्टी कलेक्टर बने जिसे मयंक सिंह मंडावी ने पूरा कर दिखाया।

### रात में कलेक्टर पहुंचे जिला अस्पताल व्यवस्था का लिया जायजा



**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने प्रशासनिक अमले के साथ बीती रात जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा। उन्होंने भर्ती हुए मरीजों से सीधे बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था के रेगुलर मॉनिटरिंग हेतु मौके पर एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल व अन्य संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अलग अलग कक्ष का निरीक्षण किया और वार्डों में भर्ती मरीजों से चर्चा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर द्वारा लगभग एक घंटे तक जिला अस्पताल के वार्डों में भ्रमण कर मरीजों से चर्चा की। जिसमें सही उपचार और समय में दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही हैं कि नहीं इसकी जानकारी मरीजों से ली गई। साथ ही कलेक्टर एस जयवर्धन ने जनपद कार्यालय में चल रहे एसआईआर के डिजिटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य प्रगति की समीक्षा की तथा समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटेल व संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा उपस्थित थे।

### कोरंधा हाई स्कूल की 142 छात्राओं को वितरण किया गया साइकिल



**कुसमी।** कोरंधा हाई स्कूल में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 142 छात्राओं को मुख्य अतिथि विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने साइकिल वितरण किया। इस अवसर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, जिपं अध्यक्ष हिरामुनि निकुंज, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जन्मजय सिंह एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी बालिकाएं मन लगाकर पढ़ाई कीजिए। शासन द्वारा निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण किया जा रहा है, ताकि स्कूल आने जाने में छात्राओं को परेशानी न हो। पहले पढ़ाई करने के लिए विद्यालय की कमी थी लेकिन अब भाजपा के शासन काल में दूर किया जा चुका हैं। सभी जगह पढ़ाई करने हेतु जगह जगह पर हाई स्कूल खुल गया है। छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कोरधा हाई स्कूल के प्राचार्य चिंतामणि भगत द्वारा विधायक से विद्यालय तक पहुंचने के लिए सी सी सड़क निर्माण, विद्यालय में खेल मैदान की व्यवस्था , प्रायोगिक कक्ष की व्यवस्था, अध्ययन कक्ष निर्माण एवं विद्यालय में शौचालय निर्माण कराने की मांग की। जिस पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने तत्काल शौचालय निर्माण कराने तथा विद्यालय में सुगम तरीके से आवागमन हेतु मार्च माह तक सीसी सड़क निर्माण कराने के साथ ही विद्यालय में भवन की कमी को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष की भी व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान बीईओ मनोज गुप्ता, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र परमार, प्राचार्य चिंतामणि भगत, फिलिप एक्का, कोरधा थाना प्रभारी कमरे, उमेश्वर ओझा, केदार गुप्ता, लक्ष्मण सिंह पैकरा, राकेश भारती, विजय भगत , इंद्रदेव निकुंज सहित अन्य उपस्थित थे।

### ओड़गी क्षेत्र में वनों की अंधाधुंध कटाई चरम पर

# तस्कर बेखौफ होकर कर रहे हरे-भरे इमारती पेड़ की कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

**खास बात**
- कार्रवाई नहीं होने से लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद

क्षेत्र में लकड़ी तस्करों की सक्रियता और जंगल में इमारती पेड़ की कटाई ने क्षेत्रवासियों की चिंता में डाल दिया है। इसे वन अधिकारियों की लापरवाही कहें या खुली छूट कि तस्कर बेखौफ होकर इमरती एवं गैर इमारती प्रजाति के हरे भरे पेड़ों की न केवल बलि चढ़ा रहे है बल्कि आसपास क्षेत्रों में खपा रहे है। ऐसे में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से अब वन विभाग की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठने लगे है।

एक तरफ लगातार बिगड़ रहे पर्यावरण से चिंतित केंद्र व राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक कर रही है तथा अभियान चलाकर लोगों को पौध रोपण करने के लिए प्रेरित कर रही है। वहीं दुसरी तरफ लकड़ी तस्कर बेखौफ होकर जंगलों के हरे भरे पेड़ों की बलि चढ़ा रहें है। सबसे बड़ी बात यह है कि पेड़ों की सुरक्षा एवं पर्यावरण सुधारने की जिम्मेदारी निभाने वाले वन अधिकारी तस्करों से पूछताछ करने तक की जरूरत महसूस नहीं कर रहें हैं और चुप्पी साधे हुए है। जिले के जनपद पंचायत ओड़गी क्षेत्र में इन दिनों जंगलों में पेड़ों की अवैध कटाई अपने चरम पर है। जंगलों के भीतर बड़े पैमाने पर न सिर्फ विशाल पेड़ों को काट रहे है बल्कि मौके पर ही उनकी चिराई तक कर दी जा रही है। ताजा कटे हुए ठूंठ और लकड़ी के बड़े-बड़े गट्ठर खुद ही अवैध कटाई का जीता जागता सबूत है। साथ ही यह साबित करते हैं कि क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से वन संपदा की लूट मची हुई है। बावजूद इसके वन विभाग की चुप्पी कई गंभीर सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगलों में लगातार कटाई जारी है, लेकिन विभागीय अमले की कोई सक्रियता नजर नहीं आती। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जंगलों में पेड़ों की अवैध कटाई किनके सह पर हो रही है।



काटे गए पेड़।

**नहीं करते पेट्रोलिंग**

क्षेत्र के ग्रामीणों की नाराजगी इस हद तक बढ़ चुकी है कि अब ग्रामीण सीधे वन विभाग पर मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को सिर्फ वेतन लेने के लिए नियुक्त किया गया है। जबकि वन अमले द्वारा जमीनी स्तर पर न तो पेट्रोलिंग होती है और न ही अवैध कटाई पर रोकथाम कर अंकुश लगाया जा रहा है।

**पर्यावरण पर बड़ा खतरा**

जिस क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई की गई है वह लफरी जलप्रपात से महज आधा किलोमीटर के दायरे में है। इस क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के प्रमाण मिले हैं। यह इलाका पर्यावरणीय दृष्टि से बेहद संवेदनशील माना जाता है, बावजूद इसके जंगल की लूट जारी है। जंगलों में लगातार पेड़ कटने से स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

**थरगी गांव में सक्रिय तस्कर**

ओड़गी ब्लॉक के ग्राम थरगी में स्थिति और भी गंभीर है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां वन विभाग का अमला झांकने तक नहीं आता, जबकि लकड़ी तस्कर खुलेआम बड़े वाहनों में कटे हुए लकड़ी का परिवहन कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि विभाग की चुप्पी माफियाओं के लिए संरक्षण की तरह काम कर रही है।

**जंगलों की सुरक्षा की मांग**

ओडगी क्षेत्र में जारी पेड़ो की अवैध कटाई पर तत्काल रोक और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र का विशाल वन क्षेत्र लगभग समाप्त हो जाएगा। वर्तमान स्थिति यही बताती है कि वन संरक्षण का दायित्व जिनके कंधों पर है, वे ही खुली छूट दे दी है। क्षेत्र के लोगों ने जंगलों में हो रही अवैध कटाई पर अंकुश लगाने तथा सुरक्षा की मांग की है जिससे जंगल का अस्तित्व बचा सके।

**लकड़ी किया गया है जब्त**

काटे गए पेड़ की लकड़ी को जब्त किया गया है। पेड़ काटने वालों की तलाश की जा रही है। लकड़ी तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-मेवालाल
वन परिक्षेत्र अधिकारी बिहारपुर

## जयनगर स्थित एनएच में ट्रेलर ने बुलेट को मारी टक्कर, युवक के पैर में लगी गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- शासकीय अस्पताल बिश्रामपुर में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार हेतु अंबिकापुर किया गया रेफर



एनएच 43 पर जयनगर थाना से महज कुछ ही दूरी पर ट्रेलर चालक ने बुलेट वाहन सवार को टक्कर मारकर फरार हो गया,दुर्घटना में युवक के बाएं पैर में गंभीर चोट लग गई है,गौरतलब है कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर शांतिनगर निवासी सब्जी विक्रेता प्रेमचंद केशरवानी का 25 वर्षीय पुत्र नीतीश केशरवानी उर्फ विक्की मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे अपने बुलेट मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीवी 8727 में बिश्रामपुर से जयनगर की तरफ जा रहा था,तभी एनएच 43 पर जयनगर थाना से महज कुछ ही फर्लांग दूर टीवीएस मोटर साइकिल शो रूम के समीप बिश्रामपुर की तरफ जा रहे अज्ञात ट्रेलर वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बुलेट चालक को टक्कर मारकर फरार हो गया है,दुर्घटना में युवक के बाएं पैर के घुटने के पास दो भाग में पैर अलग हो गए हैं,युवक को गंभीर अवस्था में जयनगर पुलिस की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर भिजवाया गया,जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे अंबिकापुर रेफर कर दिया है,जयनगर पुलिस द्वारा मामले में अज्ञात ट्रेलर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

## चलते स्कॉर्पियो वाहन में लगी आग, बाल-बाल बचा चालक



**अंबिकापुर।** रविवार की रात शहर के एमजी रोड में चलती स्कॉर्पियो वाहन में आग लगने से हड़कंप मच गया। कार की बैटरी फटने से आग लगने की बात कही जा रही है। गनीमत रही की समय रहते चालक ने वाहन से कूद गया जिससे उसकी जान बच गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग बुझाई लेकिन तब तक कार बुरी तरह से जल गई।

बताया जा रहा है कि रविवार की रात सूरजपुर से एक स्कॉर्पियो वाहन अंबिकापुर की ओर आ रही थी। इस दौरान जैसे ही वाहन होली क्रॉस स्कूल के पास पहुची चलती हुई कार में अचानक ही आग लग गई। आग लगने के बाद चालक ने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। वाहन आकाशवाणी की थी ऐसे चालक ने आकाशवाणी के अधिकारियों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद आकाशवाणी के अधिकारी फायर इंस्टिग्यूशर लेकर मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक आग ने वाहन को अपनी चपेट में ले लिया था। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। अकाशवाड़ी के अभियांत्रिकी सहायक अरुण कुमार ने बताया कि वाहन किराए पर है और रायपुर की कंपनी ने पिछले महीने ही गाड़ी आकाशवाणी में लगाई थी। कार चालक ने सूझबूझ से अपनी जान बचाई। कार की बैटरी फटने के कारण यह घटना हुई।

## भक्तिभाव के साथ मनाया गया श्री गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- शहीदी दिवस पर हिन्द की चादर को किया गया स्मरण

नगर के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सिक्खों के 9वें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहेब का 350वां शहीदी दिवस भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ मनाया गया,गुरुद्वारा में दिनांक 23 नवंबर रविवार को रखाए गये अखण्ड पाठ की समाप्ति मंगलवार 25 नवंबर की सुबह 11.30 बजे सम्पन्न हुई।

त्पश्चात रागी जत्थे ज्ञानी अमरदीप सिंह प्रीत एवं अजीत सिंह प्रीत द्वारा गुरबाणी रूपी शबद कीर्तन किया गया एवं श्री गुरु तेग बहादुर साहेब के धर्म रक्षा के प्रति बलिदान व योगदान को कथा के रूप में उपस्थित साध संगत को स्मरण कराया, यहां पर ज्ञानी अमरदीप सिंह ने स्मरण कराया कि श्री गुरु तेग बहादुर साहेब को हिन्द की चादर एवं भारत की ढाल क्यों कहा जाता है,धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा एवं कश्मीरी पंडितों के जबरन धर्मान्तरण के खिलाफ श्री गुरु तेग बहादुर ने दिल्ली में अपना शीश वार कर धर्म की रक्षा की, 9वें गुरु साहस और त्याग का प्रतीक बने जो आज भी न्याय समानता और मानवाधिकारों के लिए खड़े होने की प्रेरणा देते हैं, शहीदी दिवस मनाने से दो दिन पूर्व समूह साध संगत द्वारा रविवार की सुबह तड़के प्रभात फेरी निकालकर शबद कीर्तन एवं नितनेम का पाठ किया गया,मंगलवार को अरदास समाप्ति पश्चात गुरु का लंगर चलाया गया जिसे काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया,उक्त आयोजन में प्रबंधन कमेटी के दलजीत सिंह, जसबीर सिंह टीटू,सुरजीत चावला, धनवीर खेड़ा, मंजीत भामरा, इंदरराज भामरा, रणबीर भामरा, सुखदेव सिंह, गुरविंदर माखीजा सक्रिय रहे।

**श्वेत वस्त्रों में स्त्री साध संगत ने किया सामूहिक पाठ व कीर्तन**

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में मंगलवार को अखण्ड पाठ की समाप्ति उपरांत सिक्ख समाज की स्त्री साध संगत द्वारा सफ़ेद व श्वेत वस्त्रों में श्री गुरु तेग बहादुर साहेब को स्मरण करते हुए श्लोक महल्ला नौवां का कीर्तन रूपी सामूहिक पाठ कर उच्चारण किया गया,इस दौरान स्त्री साध संगत की सुरजीत कौर,रविंदर कौर माखीजा,सनमीत कौर चावला, हरमीत कौर बग्गा, रमनदीप कौर,कुलविंदर कौर भामरा, जसप्रीत कौर, जसमीत कौर, प्रभजोत कौर बग्गा,महेन्दर कौर खेड़ा, अमरजीत कौर खेड़ा, मिन्नी कौर खेड़ा, गुरमीत कौर खेड़ा, मनप्रीत कौर, बलजिन्दर कौर, प्रीतपाल कौर, चरनजीत कौर मौजूद रहीं।

### मन की बात कार्यक्रम के संयोजक एवं सह संयोजक नियुक्त

**अम्बिकापुर।** जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की सहमति से जिला संयोजक जन्मेजय मिश्रा ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के लिए महामाया मण्डल संयोजक रवि विश्वकर्मा, सह संयोजक रंजीत चौबे, डॉ.पुष्पेंद्र शर्मा, समलाया मण्डल मनीष वारी, सत्यम साहू, अम्बिकापुर ग्रामीण पन्ना लाल राजवाड़े, सागर विश्वकर्मा, लखनपुर राहुल अग्रवाल, शिवराज सिंह चौहान, रामगढ़ रमेश यादव, ओमकार सिंह, देवगढ़ लवकेश राजवाड़े, प्रमोद जायसवाल, कुन्नी अजय सोनी, सुरेश कुमार, दरिमा मोती दास, शशी शेखर सिंह, रामप्रसाद कुशवाहा, नवानगर सुमार दास, बुद्धि यादव, मैनपाट मोहित नामदेव, रामकृपाल यादव, सीतापुर विन्धेश्वरी लाल पैकरा, संतोषी पावले, राजापुर सत्यनारायण कश्यप, राजाराम यादव, बतौली अनिमेश अग्रवाल, विवेक गोयल, लुण्ड्रा राजीव कश्यप, अमृत लाल यादव, धौरपुर ब्रम्हदेव गुप्ता, सतीश सारथी, परसा सुनील यादव, किसन केसरी को नियुक्त किया है।

### विधायक ने किया एसआईआर कार्य का निरीक्षण

**राजपुर।** मंगलवार को सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने विकासखंड के ग्राम पंचायत बरियों चारपारा, बूथ क्रमांक 51 में चल रहे एसआईआर प्रगति कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर एसआईआर अभियान के उद्देश्य, महत्व और इससे होने वाले लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विधायक श्री पैकरा ने कहा कि यह अभियान नागरिकों को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसके माध्यम से पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराएं ताकि प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। साथ ही उन्होंने संबंधित बीएलओ को सभी अभिलेखों और प्रक्रियाओं को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे और मतदाता सूची में हर योग्य व्यक्ति का नाम समय पर दर्ज हो। निरीक्षण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## आईएमए सरगुजा ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) सरगुजा शाखा द्वारा संघ की अद्यतन संरक्षक एवं पदाधिकारी सूची का औपचारिक रूप से घोषणा की गई है। यह नई टीम संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं जन उन्मुख बनाने के उद्देश्य से गठित की गई है।

आईएमए सरगुजा अध्यक्ष डॉ. अजय तिर्की और सचिव डॉ. अर्पण सिंह चौहान ने बताया कि कार्यकारिणी में संरक्षकों में डॉ. डीडी अग्रवाल, डॉ. एमपी अग्रवाल, डॉ. शमसुद्दहा, डॉ. जेके सिंह, डॉ. एसएस सिंह, डॉ. अनिल प्रसाद, डॉ. भल्ला, डॉ. पीके श्रीवास्तव, डॉ. एमके जैन, डॉ. शैलेंद्र गुप्ता, डॉ. अंजू गोयल, डॉ. सेंगर, डॉ. भूटानी, डॉ. एलपी सोनी, डॉ. सिस्टर बिट्राटिक और डॉ. एके जायसवाल के नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पदाधिकारियों में अध्यक्ष के रूप में डॉ. अजय कुमार तिर्की, सचिव के रूप में डॉ. अर्पण सिंह चौहान तथा कोषाध्यक्ष के रूप में डॉ. अजय गुप्ता पूर्व में ही विधिवत नियुक्त हो चुके हैं। इसी क्रम में उपाध्यक्ष पद पर डॉ. योगेंद्र सिंह गहरवार, डॉ. परमानंद अग्रवाल, डॉ. अल्का सिंह एवं डॉ. सुषमा रवि, संयुक्त सचिव पद पर डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा एवं डॉ. मधु कुमारी एक्का, संयुक्त कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. साकेत जैन एवं डॉ. प्रतीमा वर्मा, खेल सचिव पद पर डॉ. सुधांशु किरण एवं डॉ. स्नेहा सिंह, संस्कृति सचिव पद पर डॉ. रितेश गुप्ता एवं डॉ. अपेक्शा सिंह गहरवार, त्वरित प्रतिक्रिया सचिव पद पर डॉ. संदीप गुप्ता एवं डॉ. सूर्य भूषण कुशवाहा, शैक्षणिक सचिव पद पर डॉ. आशा बंसल एवं डॉ. आकाश सिंह, मीडिया प्रभारी के रूप में डॉ. दीपक गुप्ता एवं डॉ. विवेक केशरी तथा नर्सिंग होम प्रभारी पद पर डॉ. संदीप त्रिपाठी एवं डॉ. कंचन मांझी भगत को दायित्व प्रदान किए गए हैं। नई टीम जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, जन-जागरूकता को बढ़ाने तथा समाज तक सुलभ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



## लटोरी विद्युत उपकेन्द्र में 5 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- लटोरी समेत आसपास के दर्जनों गाँवो में लो वोल्टेज की समस्या होगी दूर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है,इसी क्रम में उपसंभाग बिश्रामपुर के ग्राम लटोरी स्थित 33/11 केवी उपकेन्द्र में 48.34 लाख रुपए की लागत से 3.15 एमवीए ट्रांसफार्मर को बदलकर 5 एमवीए का नवीन पॉवर ट्रांसफार्मर गत दिनों स्थापित एवं ऊर्जीकृत किया गया है,नई क्षमता वृद्धि के बाद लटोरी उपकेन्द्र से जुड़े ग्राम लटोरी,द्वारिकानगर, सोनवाही, महेशपुर,अर्जुननगर, करवां, हीराडबरी, संबलपुर सहित लगभग 32 सौ उपभोक्ताओं को अब बेहतर वोल्टेज और गुणवत्तापूर्ण बिजली की सुविधा मिलने की उम्मीद है,इस मामले में सुरजपुर कार्यपालन अभियंता बसंत सोम ने बताया कि पुराना 3.15 एमवीए ट्रांसफार्मर अक्सर ओवरलोड होने से लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न होती थी,नए 5 एमवीए ट्रांसफार्मर के लगने से ग्रामीण क्षेत्रों को इससे बड़ी राहत मिलेगी।

इस कार्य को सफल बनाने में मुख्य अभियंता यशवंत शिलेदार तथा अधीक्षण अभियंता राजेश लकड़ा ने पूरी तकनीकी टीम कार्यपालन अभियंता बसंत सोम, मुकेश ध्रुव, नवजोत सिंह आयाम, सहायक अभियंता अनुरंजन कूजुर,प्रतीक बारा,कनिष्ठ अभियंता शादाब अहमद, शाजिद शेख व अन्य सक्रिय रहे।

**महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित की जा रही दो 6 सीटर व 4 सीटर बोटिंग सुविधा**

# पहाड़गांव में खोखनिया बांध पर शुरू हुई बोटिंग सुविधा

हरिभूमि न्यूज : बिश्रामपुर



जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में ग्राम पहाड़गांव में बोटिंग सुविधा शुरू की गई है,पहाड़ों के बीच स्थित यह खूबसूरत झील जो खोखनिया बांध निर्माण से बनी है। अपने शांत वातावरण और मनोरम दृश्यों की वजह से तेजी से लोगों को आकर्षित कर रही है। एनएच 43 पर ग्राम सिलफिली के समीप बना यह पर्यटन स्थल प्राकृतिक सौंदर्य के कारण लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है।

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि पर्यटन विकास के लिए यहां सभी सुविधाओं का विस्तार किया जाए,पहाड़गांव में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए कलेक्टर ने यहां सभी आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए निर्देशित किया है,कलेक्टर ने कहा है कि बोटिंग शुरू होने से स्थानीय लोगों को मनोरंजन की एक नई सुविधा मिली है और आगे पर्यटन गतिविधियों के विस्तार से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे,प्रशासन का लक्ष्य है कि पहाड़ों और झील के सुंदर प्राकृतिक परिवेश को संरक्षित रखते हुए इसे आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए,उन्होंने कहा कि पर्यटन सुविधाओं के विस्तार से न केवल जिले की पहचान बढ़ेगी बल्कि स्थानीय लोगों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। गौरतलब है कि यहां महिला स्व-सहायता समूह द्वारा बोटिंग का संचालन किया जा रहा है,जो महिलाओ की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगा,कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला खनिज संस्थान न्यास मद से नौका विहार संचालन हेतु ग्राम पहाड़गांव के मुस्कान महिला स्व-सहायता समूह को 6 सीटर मोटर बोट और 4 सीटर पैडल बोट प्रदान किए गए हैं,नाव संचालन की शुरुआत 20 नवंबर से किया गया है,जिसके पूर्व समूह की महिलाओं को नाव संचालन का प्रशिक्षण भी दिया गया, नौका विहार के शुरू होने से न केवल पर्यटकों में उत्साह है बल्कि संचालनकर्ता महिला समूह में भी उमंग है। पर्यटकों के बढ़ने से अब तक समूह को बोटिंग संचालन से 9100 की आय प्राप्त हुई है,समूह की अध्यक्ष सुनीता सिंह ने बताया कि यह शुरुआत निश्चित रूप से महिला सशक्तिकरण के लिए बड़ा अवसर है और जिले में पर्यटन विकास के लिए भी सराहनीय कदम है।

### हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**अम्बिकापुर।** महिला की हत्या करने के आरोपी को सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश महेश कुमार राज की अदालत ने आजीवन कारावास एवं एक हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को एक वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अतिरिक्त लोक अभियोजक विनोद दुबे ने बताया कि 13 सितंबर 2024 की दोपहर 12 बजे ग्राम वंदना निवासी कांति पैकरा उडुमकेला खार खेत घास निकालने गई थी। इस दौरान आरोपी पंचूराम मांझी ने टांगी से उसके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इधर मृतिका के पति सुकृत पैकरा जब शाम को घर लौटा तो देखा पत्नी घर पर नहीं थी। सुकृत पैकरा ने बेटी से पूछताछ की तो बेटी ने बताया कि नया घर गई होगी। जिस पर पति उसे खोजने हुए खेत की ओर गया था तब उसकी पत्नी की लाश के खेत के मेड़ पर औंधे मुंह पड़ी हुई थी। घटना की रिपोर्ट पति ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी पंचूराम मांझी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया था। प्रकरण के सारे तथ्यों की सुनवाई और पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर सप्तम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश महेश कुमार राज ने आरोपी पंचू राम मांझी को हत्या का दोषी पाया।



# एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए : अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट की है और दुख जताया है। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र के बारे में लिखा 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहां से वह आए थे। वह उस मिट्टी के मिजाज के प्रति सच्चे रहे।

लाइफ Style

# अदिति



## यूं शुरू हुआ था सच्चे प्यार का नया सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की दुनिया में अपनी एक्टिंग का परचम लहरा चुकीं अदिति राव हैदरी का जन्म राजघराने में हुआ था। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की कहानी तो जैसे किस्मत से बनी हुई लगती है। एक्ट्रेस की लव स्टोरी फरवरी 2021 में तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम'के सेट पर शुरू हुई थी।

जब वह अपने हसबैंड सिद्धार्थ के साथ एक्शन-ड्रामा फिल्म में नजर आई थीं। अदिति ने साउथ में भी अपने काम से लोगों का दिल जीता है। उनके फैंस की संख्या बहुत ज्यादा है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अदिति की पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। महज 21 साल की उम्र में उन्होंने पहली शादी की थी। लेकिन, ये रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चला और दोनों अलग हो गए। अदिति ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब तलाक हुआ, तो उनका दिल टूट गया था, लेकिन तलाक के बावजूद अदिति और सत्यदीप एक-दूसरे के दोस्त बने रहें। पहली शादी टूटने के बाद अदिति राव हैदरी की मुलाकात साल 2021 में फिल्म महा समुद्रम के दौरान सिद्धार्थ से हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों अक्सर सेट पर साथ समय गुजारते थे। इसी बीच दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी। दोनों ने जब एक दूसरे को अच्छे से जान लिया। तब मार्च 2024 में अपनी सगाई की खबर को फैंस के साथ शेयर किया। 16 सितंबर साल 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध गए। बात अगर अदिति के एक्टिंग कॅरियर की करें तो अब तक वह रॉकस्टार, मर्डर 3, वजीर, पद्मावत, कातरू वेलियिदाई, सूफीयम सुजातायम, महा समुद्रम जैसी फिल्मों में दमदार रोल में नजर आ चुकी हैं।

हॉलीवुड मसाला



# नए हैरी पॉटर को लिखा लेटर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दुनिया में एक बार फिर से 'हैरी पॉटर' का जादू लौटने की तैयारियां जोरों पर हैं। जैसे-जैसे नई सीरीज की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस बार कहानी का केंद्र सिर्फ नए कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं भी हैं जो मूल हैरी पॉटर रहे डेनियल रेडक्लिफ ने अपने छोटे उत्तराधिकारी के लिए जताई हैं। डेनियल ने हाल ही में बताया कि उन्होंने नए हैरी पॉटर बने डोमिनिक मैकलॉफलिन को खुद पत्र लिखकर शुभकामनाएं भेजी हैं।



# 'द हार्डर दे कम' में एक्टिंग ने दिलाई पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** जिमी क्लिफ एक शानदार रेगे गायक और अभिनेता थे। उन्होंने 81 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। जिमी क्लिफ को मशहूर फिल्म 'द हार्डर दे कम'में एक्टिंग के लिए भी पहचाना जाता था। जिमी क्लिफ जमैका के रहने वाले थे। बचपन से ही उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव थे। वे अपनी किशोरावस्था में ही किंग्स्टन के उभरते संगीत जगत में शामिल हो गए और 1960 के दशक में एक ऐसे आंदोलन का नेतृत्व किया जिसमें बॉब मार्ले, टूट्स हिबर्ट और पीटर तोश जैसे भावी सितारे शामिल थे। 1970 के दशक के शुरुआती वर्षों में, उन्होंने निर्देशक पेरी हेनजेल की एक महत्वाकांक्षी फिल्म में अभिनय के प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसमें उन्होंने रेगे संगीतकार, इवानहो इवान मार्टिन का किरदार निभाया, जो अपने कॅरियर में गिरावट आने पर अपराध की दुनिया में चला जाता है।



# कैलोरी की शूटिंग के दौरान थीं नर्वस

**मुंबई।** अभिनेत्री डॉली अहलूवालिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'कैलोरी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म की इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में स्क्रीनिंग हुई है। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस डॉली अहलूवालिया ने कहा कि यह रोल बहुत इमोशनल था और उन्होंने माना कि शूटिंग के दौरान वह नर्वस थीं। एएनआई से बात करते हुए अहलूवालिया ने बताया कि 'कैलोरी' टाइटल दिखाता है कि लोग अपने अतीत के दर्द और यादों के साथ कैसे जीते हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मेरे लिए कैलोरी का मतलब अनुभव और भावनाएं हैं और आप खाने के बजाय उन भावनाओं को कैसे पचाते हैं।' एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म को लेकर उन्हें खुद पर भरोसा नहीं था।



# धर्मेंद्र की सादगी से सदाबहार बने ये गाने...

**मुंबई।** धर्मेंद्र के गाने सिर्फ सुने नहीं गए, उन्हें महसूस किया गया, जिया गया और उन पर थिरका गया, जिन्हें कई पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। यह कहानी उन्हीं सुरों की महक की है, जो आज भी 'पल पल दिल के पास' धड़कती है, जिन सुरों ने थिरकना सिखाया और दोस्ती की नई परिभाषा बनाई। मैं जट यमला पगला दीवाना, फिल्म- प्रतिज्ञा (1975), ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, फिल्म- शोले (1975), पल पल दिल के पास, फिल्म- ब्लैकमेल (1973), कोई हसीना जब रूठ जाती है, फिल्म- शोले (1975), किसी शायर की गजल, फिल्म- ड्रीम गर्ल(1977), मैं तेरे इश्क में मर न जाऊं कहीं, फिल्म- लोफर (1973), अब के सजना सावन में, फिल्म- चुपके चुपके (1975), झिलमिल सितारों का आंगन होगा, फिल्म- जीवन मृत्यु (1970), आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा-लोफर (1973)।

टीवी मसाला



# मृदुल और बसीर से नहीं हो सकती शहबाज की तुलना

**नई दिल्ली।** सलमान खान के रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' से कुनिका सदानंद एविक्ट हो गई हैं। 'बिग बॉस 19' से बाहर आने के बाद कुनिका ने मीडिया से बात की। कुनिका ने कहा कि उनके हिसाब से शहबाज बदेशा का मृदुल तिवारी और बसीर अली से ज्यादा कंट्रीब्यूशन रहा है। उन्होंने कहा, 'बसीर ने अपना 100% दिया, लेकिन एक टाइम के बाद उनका गेम खत्म हो गया था क्योंकि वह और नेहल चुडासमा करीब आ गए थे। बसीर खुश थे, लेकिन उसके बाद वो गेम में एक्टिव नहीं रहे थे।'कुनिका ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'रहा सवाल मृदुल का तो गौरव ने उन्हें ओवरशैडो कर दिया। ऐसा हो गया था कि वो हर चीज गौरव से पूछकर करता था। वो गौरव से पूछे बिना हिलता तक नहीं था। तो आप शहबाज के कंट्रीब्यूशन को बसीर और मृदुल के कंट्रीब्यूशन से कंपेयर नहीं कर सकते हैं। शहबाज जब घर में आया वह हंसी, मजाक और बहुत सारी नई-नई चीजें लेकर आया।'कुनिका ने ये भी कहा कि शहबाज के ऊपर प्रेशर है क्योंकि शहनाज गिल भी बिग बॉस से बनी हैं। कुनिका बोलीं, 'मैं शहबाज को फिल्मों में देखना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मैं उसे कॉमेडी रोल्स में देखूं।'जब कुनिका से पूछा गया कि उनके हिसाब से 'बिग बॉस 19' का विनर कौन है? तब उन्होंने फरहाना भट्ट का नाम लिया। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें भी लगता है कि गौरव एक्टिंग कर रहे हैं। कुनिका सदानंद ने इंटरव्यू में कहा, 'गौरव पीछे से खेलते हैं। इमोशनल मैनिपुलेशन भी करते हैं। मृदुल के साथ भी किया था।

## एक वरदान के रूप में देखती हूं

**नई दिल्ली।** शुभांगी अत्रे ने भाभी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार से दर्शकों का दिल खूब जीता है। कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि शुभांगी



को शो से पुरानी अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे रिप्लेस करने वाली हैं। अब शुभांगी ने इस खबर को कन्फर्म कर किया है। 10 साल के बाद शुभांगी अब इस शो को छोड़कर जा रही हैं। शुभांगी का कहना है कि वह इसे एक आशीर्वाद की तरह ले रही हैं। शुभांगी ने कहा, 'मैंने हमेशा मिसेस कोहली को वादा किया था कि मेरी जर्नी शो में आन, बान और शान के साथ शुरू होगी और वैसे ही उसका एंड होगा। मैं इससे बेहतर एग्जिट के बारे में नहीं सोच सकती। रिप्लेसमेंट के पीछे की कोई वजह नहीं है। मैं इसे एक वरदान के रूप में देखती हूं, क्योंकि एक कलाकार के रूप में मैं नए किरदारों को निभाना चाहती हूं। आइडिया यह है कि यहां से बाहर जाऊं और बाकी काम पर फोकस करूं। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद मैं फाइटर मोड में आ गई हूं और अब सिर्फ अपनी बेटी और अपने काम पर फोकस कर रही हूं।'



# भारी-भरकम कास्ट होने के बावजूद दर्शकों को नहीं रिझा सकीं ये फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जिनमें कई बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। कई फिल्मों में अच्छे विजुअल, अच्छे म्यूजिक और अच्छी कहानी रही। हालांकि ये फिल्में उम्मीद के मुताबिक दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में नाकाम रहीं। बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। आलोचकों से भी इन फिल्मों को सराहना नहीं मिली।

***सर्कस :*** साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'सर्कस' में रणवीर सिंह, वरुण शर्मा, पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि कमजोर कहानी की वजह से इसे बहुत कम दर्शक मिले और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

***कलंक :*** फिल्म 'कलंक' (2019) में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी थी। आलोचकों ने कलाकारों के हिसाब से इसकी कहानी को कमजोर बताया था। हालांकि इसके विजुअल अच्छे थे।

***ठग्स ऑफ हिंदोस्तान :*** साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' में आमिर खान और अमिताभ बच्चन पहली बार साथ में नजर आए थे। इसमें कटरीना कैफ और फातिमा सना शेख भी थीं। इसकी रिलीज से पहले इसकी काफी चर्चा थी। हालांकि यह फिल्म रिलीज के बाद कुछ खास नहीं कर सकी। बॉक्स ऑफिस पर इसने लगभग बजट भर की ही कमाई की थी।

***हैप्पी न्यू ईयर :*** 'हैप्पी न्यू ईयर' (2014) में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन जैसे कलाकार थे। फिल्म में ग्लैमर का तड़का था और इसका म्यूजिक भी अच्छा था। हालांकि फिल्म की कहानी इतनी कमजोर थी कि इसे दर्शकों ने नकार दिया। बड़े कलाकारों के होने के बावजूद यह फिल्म आलोचकों को प्रभावित नहीं कर सकी थी।


***जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी :*** साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी' में बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार थे। इसमें सनी देओल, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और मनीषा कोइराला जैसे कलाकार थे। माना जा रहा था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। फिल्म दर्शकों को प्रभावित नहीं कर सकी। फिल्म ने सिर्फ अपना बजट निकाला।

53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025

# यूके ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार किए अपने नाम

**रिवॉल्ट्स ने जीता सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार**

**लॉस एंजिल्स।** इम्तियाज़ अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉड्र्स में अब तक जो उम्मीदें थीं वो अब टूट गई हैं। सोमवार 24 नवंबर की देर रात न्यूयॉर्क सिटी में इंटरनेशनल एमी अवॉड्र्स का आयोजन हुआ जिसमें दिलजीत दोसांझ की अमर सिंह चमकीला को नॉमिनेशन मिला था। 53वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025 के विजेताोषणा कर दी गई है, जिसमें यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए हैं। आईटीवी स्टूडियोज़ की 1980 के दशक पर आधारित ड्रामा-कॉमेडी 'रिवॉल्ट्स'ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार जीता। इस ब्रिटिश कॉमेडी ड्रामा में डेविड टेनेंट, एडेन टर्नर, कैथरीन पार्किंसन, विक्टोरिया स्मर्फिट, एलेक्स हैसेल, नफेसा विलियम्स, बेला मैक्लीन, एमिली एटैक और डैनी डायर जैसे कलाकार शामिल हैं। यह सीरीज जिली कूपर की किताबों पर आधारित है। वहीं, लुडविग को सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार मिला,



जिसमें डेविड मिशेल ने अभिनय किया है। इस सीरीज में एक पहेली मास्टर (मिशेल) अपने लापता भाई, जो एक पुलिस जासूस है, का भेष बदलकर उसके लापता होने के मामले की जांच करता है। अन्ना मैक्सवेल मार्टिन भी लुडविग का हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त, यूके ने फॉलन के लिए सर्वश्रेष्ठ किड्स लाइव-एक्शन शो, लॉस्ट बॉयज एंड फेयरीज़ के लिए सर्वश्रेष्ठ टीवी मूवी/मिनी सीरीज, हेल जम्पर के लिए सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री, और 'डिस्पैचः किल ज़ोनः इनसाइड के लिए करंट अफेयर्स श्रेणियों में भी ट्रॉफियां जीतीं। इसके अलावा, यूके ने अंटिल आई किल यू में अपने प्रदर्शन के लिए अन्ना मैक्सवेल मार्टिन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

## शोले में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती

# इन फिल्मों में निभाई दमदार भूमिका, हर किरदार में जीता दिल

*मुंबई। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और हीमैन धर्मेंद्र ने 89 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से एक युग का अंत हो गया। धर्मेंद्र ने अपने फिल्मी सफर में तरह-तरह के किरदार निभाए थे। वह एक ओर प्रेमी युवक के रूप में याद किए जाते थे, तो दूसरी ओर जांबाज हीरो के रूप में भी। फिल्म 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती।*



***शोले :*** *धर्मेंद्र के करियर की सबसे चर्चित भूमिका की बात की जाए, तो वह 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका है। अमिताभ बच्चन के साथ उनकी जोड़ी ने दोस्ती की मिसाल पेश की थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अपने किरदार को जीवंत कर दिया था।*

***सत्यकाम :*** *धर्मेन्द्र ने फिल्म 'सत्यकाम'में सत्यप्रिय आचार्य की भूमिका निभाई थी, जो एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। धर्मेंद्र द्वारा निभाया गया यह किरदार भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन किरदारों में से एक माना जाता है।*

***चुपके-चुपके :*** *ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में साल 1975 में बनी फिल्म 'चुपके-चुपके'में धर्मेंद्र ने प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी और प्यारे मोहन इलाहाबादी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में धर्मेंद्र की बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग ने दर्शकों को प्रभावित किया थे। यह एक क्लासिक कॉमेडी फिल्म थी।*

**अनुपमा :** ऋषिकेश मुखर्जी की ड्रामा फिल्म 'अनुपमा' इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा सराही गई फिल्मों में से एक थी। यह कहानी एक जिद्दी युवक की है। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अशोक की भूमिका निभाई थी, जिसे उमा से प्यार हो जाता है। उमा के माता पिता अशोक को नहीं पसंद करते हैं। इससे पहले उमा कुछ गलत कदम उठाती उसके माता पिता अशोक से शादी के लिए मान जाते हैं। फिल्म में अभिनेता ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**जॉनी गद्दार:** निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'जॉनी गद्दार' में धर्मेंद्र ने गैंग लीडर शेषाद्रि 'सेशु' की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नील नितिन मुकेश के अलावा रिमी सेन, विनय पाठक और जाकिर हुसैन की मुख्य भूमिकाएं थी।

**फूल और पत्थर :** फिल्म 'फूल और पत्थर'में धर्मेंद्र ने एक युवा अपराधी की भूमिका निभाई थी, जिनका नाम शक्ति सिंह 'शाका'था। फिल्म में शाका एक विधवा महिला के खातिर अपनी सारी बुरी आदतें छोड़ देता है और सुधर जाता है। इस फिल्म ने कई सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी और दर्शकों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

***यादों की बारात :*** *फिल्म 'यादों की बारात' में धर्मेंद्र ने शंकर की भूमिका निभाई थी। यह पहली मसाला फिल्म थी, जिसमें एक्शन, नाट्य, रोमांस, संगीत, अपराध और थ्रिलर शैलियों का समावेश था। इस फिल्म का निर्देशन नासिर हुसैन ने किया था, जो 1973 में रिलीज हुई थी।*

***धरम वीर :*** *मनमोहन देसाई के निर्देशन में साल 1977 में फिल्म 'धरम वीर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने धरम का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र और जितेन्द्र की जोड़ी को दर्शकों को खूब पसंद किया था।*

***लोफर :*** *'लोफर'में धर्मेंद्र ने एक स्टाइलिश और करिश्माई हीरो का रोल निभाया था, जो अपराध की दुनिया में फंसा हुआ है, लेकिन दिल से नेक है। अभिनेता ने रंजीत का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र की भूमिका की काफी सरहाना की गई थी।*

## खबर संक्षेप

### एकलव्य विद्यालय घुघरा में मना संविधान दिवस



सोनहत। एकलव्य विद्यालय घुघरा सोनहत में संविधान दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में राष्टीय चेतना, लोकतांत्रिक मूल्यों और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। समारोह की शुरूआत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुई, जिसमें छात्रों एवं शिक्षकों ने एक साथ खड़े होकर संविधान के प्रति निष्ठा व्यक्त की। इसके पश्चात युवा संसद का आयोजन किया गया, जहां छात्रों ने संसदीय प्रक्रियाओं का अनुकरण करते हुए विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर प्रभावशाली चर्चा की और नीति निर्माण की समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के तीसरे चरण में संविधान आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पूरे कार्यक्रम का संचालन हीरा सिंह द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से किया गया। आयोजन में श्रीमती संतोषी देवी, शिवधर, सुश्री कीर्ति उपाध्याय और चंद्र प्रकाश का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य वीके सिंह ने कहा कि संविधान दिवस युवाओं को राष्ट निर्माण में अपनी भूमिका को समझने और उसे समर्पित होने का संदेश देता है। विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करना भी है। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### संघर्षों से भरा था भगवान बिरसा मुण्डा का जीवन

धौरपुर। नवीन शासकीय महाविद्यालय में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर सरपंच वकील राम कुजूर, पूर्व सरपंच जमीरा दशरथ राम एवं मुख्य वक्ता इंदर भगत के आतिथ्य में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्राचार्य डॉ.जेके कुजूर ने जनजातियों के ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डाला। इंदर भगत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्षों से भरा था उन्होंने अंग्रेजों के शोषणकारी नीति के खिलाफ आदिवासी समाज की अस्मिता जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए उलगुलान आंदोलन चलाया और अल्प आयु में ही अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हो गए। उनका योगदान सिर्फ सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं था बल्कि उन्होंने जनजाति समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के लिए विशेष रूप से काम किया तथा बिरसाइत धर्म की शुरूआत की। उन्होंने इसके माध्यम से जनजाति समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने का काम किया इसलिए उन्हें भगवान का दर्जा दिया गया है। वकील राम कुजूर ने कहा कि जनजाति समाज ने अपनी संस्कृति और परंपराओं को आज भी जीवित रखा है जनजाति समाज स्वभाव से ही प्रकृति पूजक होते है इनके हर तीज त्यौहार प्रकृति पर आधारित होते हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जिला स्तरीय रोजगार...

बैकुंठपुर के अध्यक्ष उदय सिंह सिंदराम, उपाध्यक्ष प्यारेलाल साहू, जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी, संगीता सोनवानी, जनपद सदस्य धर्मवती राजवाड़े, सहायक संचालक कौशल विकास एवं जिला रोजगार अधिकारी चारु चित्रा साय, जनपद पंचायत सीईओ सिद्धार्थ खेरवार, प्राचार्य लाइवलीहुड कॉलेज ए.पन्ना, आईटीआई प्राचार्य रॉबिन कुजूर सहित अन्य अधिकारी एवं काफी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## जनप्रतिनिधियों ने संविधान के प्रति निष्ठा का लिया संकल्प

# संविधान हमारी स्वतंत्रता, समानता और संकल्प का आधार

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिला पंचायत सभाकक्ष में बुधवार को संविधान दिवस का जिला स्तरीय समारोह गरिमामय ढंग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी मौजूद रहीं।

समारोह की शुरूआत कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कराते हुए हुई। उन्होंने कहा कि संविधान सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और एक-एक नागरिक की सुरक्षा की ढाल है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पैकरा ने कहा कि संविधान ने ही हमें अधिकार दिए, अवसर दिए और उसी ने हमारे जीवन को सरल व सुरक्षित बनाया है। समानता, स्वतंत्रता और न्याय की जो रोशनी आज हर घर तक पहुंची है, वह संविधान के कारण ही संभव हो पाया है। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि संविधान हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली को दिशा और स्थिरता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह दिवस हमें याद दिलाता है कि प्रत्येक शासकीय सेवक का कर्त्तव्य है कि वह संविधान के प्रति निष्ठावान रहकर ईमानदारी से दायित्वों का निर्वहन करे। सभापति श्रीमती सौभाग्यवती खुसरो ने कहा कि संविधान बनाने वालों ने अपने जीवन का संपूर्ण ज्ञान इस महान रचना में समर्पित किया।

उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि संविधान ने सभी वर्गों को आगे बढ़ने का अधिकार दिया है। श्रीमती संगीता सोनवानी और श्रीमती शिवकुमारी सिंह ने भी सभा को संबोधित करते हुए संविधान के प्रति सम्मान और राष्टहित में कर्त्तव्यों के पालन पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिले के अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक काफी संख्या में मौजूद रहे। समारोह संविधान के मूल्यों के प्रति नई ऊर्जा, नए संकल्प और नए विश्वास के साथ संपन्न हुआ।



### राष्ट्रीय विधि दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी। कानून का पालन करें एवं उत्कृष्ट समाज का निर्माण करें इसी संकल्प के साथ राष्टीय विधि दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैकुंठपुर द्वारा हिंद विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को विधिक साक्षरता, अधिकार एवं कर्तव्यों के पालन की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर कुजूर तथा विशेष अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरिया की सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा उपस्थित रहीं। मंच पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अजय सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्रीमती किरण सोनी, असिस्टेंट चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल रोहित बड़ेरिया एवं दीपक कुमार बैद भी विराजमान रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्काउट के बच्चों द्वारा अतिथियों को सर्व सम्मान के साथ मंच तक ले जाकर की गई। इसके पश्चात स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया। इस दौरान मुख्य अतिथि समीर कुजूर ने संविधान की शपथ दिलाई तथा प्राक्कथन के माध्यम से छात्रों को संविधान के मूल्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समानता सुनिश्चित करने के लिए तथा राष्ट की एकता और अखंडता बनाए रखने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। शपथ ग्रहण के दौरान सभागार में उपस्थित सभी छात्रों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने एक स्वर में संविधान के प्रति निष्ठा का संकल्प दोहराया।

### संविधान दिवस पर कांग्रेस की विचार गोष्ठी



बैकुण्ठपुर। संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय बैकुंठपुर में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निमार्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हुई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने संविधान के महत्व, उसके मूल सिद्धांतों समानता, स्वतंत्रता और न्याय पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि हमारे संविधान की मूल भावना यह है कि न्याय और अधिकार सभी के लिए एक समान होने चाहिए। सभी को स्वाभिमान के साथ जीने का अवसर मिलना चाहिए। संविधान समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्गों की रक्षा के लिए एक शक्तिशाली औजार है। यह जितना मजबूत होगा, हमारा देश उतना ही ताकतवर होगा। हर नागरिक का दायित्व है कि वह संविधान के प्रति सम्मान बनाए रखते हुए उसके संरक्षण में अपनी भूमिका निभाए। अंत में सभी ने एक-दूसरे को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, गणेश राजवाड़े, अजीत लकड़ा, राजीव गुप्ता, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, धीरज सिंह, रियाजुउद्दीन, जाग्रत कुर्रे, सुमन दुबे, मनजिंदर कौर, दीपक गुप्ता, रामसाय सोरी, संतोष गोयन, आकाश गुप्ता दिलीप टोप्पो सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।



## प्रधानमंत्री आवास से रामबाई को मिला संबल

**बैकुण्ठपुर**। व्यथित जीवन में अपने परिवार का पालन करने वाली श्रीमती रामबाई के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनकर तैयार पक्का आवास उनके जीवन को सामाजिक और पारिवारिक सुरक्षा देने वाला साधन बन गया है।

कोरिया जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम बुड़ार में रहने वाली श्रीमती रामबाई के जीवन में सब कुछ सामान्य चल रहा था तभी उनके पति का देहांत हो गया। मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाने वाले मुखिया के जाने से उनके उपर पूरे परिवार की जिम्मेदारी आ गई। अपने कच्चे मकान के दो कमरे में परिवार के साथ जीवन-यापन को मजबूर श्रीमती रामबाई के लिए प्रकृति का हर मौसम उनके लिए कुछ नई समस्याएं लेकर आता था। मनरेगा के तहत अकुशल श्रम और खेतों में परिश्रम से अपने परिवार का जीवन-यापन करने वाली श्रीमती रामबाई को गत वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला। पूरे परिवार के साथ उन्होंने जल्द ही अपने सपनों का आशियाना बनाकर तैयार किया।

## हनुमान कथा के शुभारंभ पर निकली कलश यात्रा



निकली कलश यात्रा।

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी।

क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर प्रांगण से हनुमान कथा के शुभारंभ अवसर पर बुधवार दोपहर 1 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सैकड़ों महिलाओं ने सजे-धजे कलश को सिर पर धारण कर पारंपरिक वेशभूषा में श्रद्धा-भाव के साथ यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा की शोभा का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ी शैला नृत्य रहा, जिसने पूरे मार्ग में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक माहौल बना दिया।

कलश यात्रा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर व्हीटीसी, नेपाल गेट, महाराणा प्रताप चौक, अंबेडकर नगर, सुभाष नगर चौक होते हुए छठघाट पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। छठ घाट में पूजन के पश्चात कलश में भरे गए जल के साथ पुनः उसी मार्ग से हनुमान मंदिर वापस लौटकर यात्रा का समापन किया गया। यात्रा में कथा वाचक परमश्रद्धेय रामदयाल शरण कोसीकलां व्रज वृंदावन मथुरा उत्तर प्रदेश विशेष रूप से रथ पर विराजमान रहे और अपने दर्शन से भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा।

## पीजी कॉलेज में मना 11वां संविधान दिवस



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा छग शासन उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के निर्देशानुसार शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में 11 वां संविधान दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ.एमसी हिमधर के मार्गदर्शन एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.जीके मिश्रा के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में डॉ.मिश्रा ने आजादी से पूर्व संविधान निर्माण की प्रक्रिया, संविधान सभा के गठन तथा डॉ.भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता वाली प्रारूप समिति के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान के निर्माण में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा तथा इसे 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया। उन्होंने संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से इनके पालन का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. हिमधर ने विद्यार्थियों से कहा कि वे भारतीय संविधान को पढ़े और उसके प्रावधानों का अपने जीवन में पालन करें। उन्होंने बताया कि भारत का संविधान विश्व का अद्वितीय, विस्तृत और लिखित संविधान है, जिसमें विभिन्न देशों की श्रेष्ठ परंपराओं का समावेश किया गया है।

प्रतियोगी परीक्षाओं में भी संविधान से अनेक प्रश्न पूछे जाते हैं, इसलिए हर विद्यार्थी को संविधान की जानकारी होना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनुरंजन कुजूर ने किया। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना और उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान पढ़ने से हमें अपने अधिकारों, कर्तव्यों और राष्ट्र के प्रति दृष्टिकोण का बोध होता है। अंत में प्राचार्य द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया तथा भारत और संविधान के प्रति श्रद्धा, निष्ठा और सार्वभौमिकता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

## शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिक्षा विभाग मनेन्द्रगढ़ में छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला संस्कृति विभाग एमसीबी के निर्देशानुसार विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ता मयंक जैन के सहयोग से वर्ष 1969 में प्रकाशित भारतीय संविधान के पंचम संस्करण का प्रदर्शन व्याख्याता टी. विजय गोपाल राव द्वारा किया गया, जिसका छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अवलोकन किया। इसके पश्चात छात्राओं को भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन एवं संविधान शपथ दिलाई गई। जिला संस्कृति विभाग के नोडल अधिकारी विनोद पांडेय, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र पांडे, प्राचार्य सत्येन्द्र सिंह एवं नारायण तिवारी द्वारा भारतीय संविधान के महत्व, उसकी निर्माण प्रक्रिया, महत्वपूर्ण तिथियों तथा संविधान सभा से जुड़े सभी सदस्यों की जानकारी विस्तार से प्रदान की गई। कार्यक्रम में संविधान से संबंधित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसे अर्चना वैष्णव, दीपा देवांगन, जया रात्रे, संध्या मिश्रा, सुमित, प्रिया दुबे और जसवंत कुमार द्वारा संचालित किया गया।



### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को लेकर जागरूकता अभियान

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में बुधवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना एवं लिंग आधारित हिंसा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालयों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, नवा बिहान, सखी वन स्टॉप सेंटर और सेवा प्रदाता टीम द्वारा संयुक्त रूप से पंपलेट वितरण कर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उपस्थित ग्रामीणों को सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाएं, महिला हेल्पलाइन 181, बाल हेल्पलाइन 1098, पीएमवीवाई नोनी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, सुकन्या समृद्धि योजना सहित महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित कई प्रमुख योजनाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक समझाई गई।




**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक /वाचक/2024

बैकुण्ठपुर दिनांक / /2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम चेर की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका जय कुमार पिता/पति देवनारायण जाति कुम्हार निवासी चेर तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा निक्की निवासी चेर का जन्म/मृत्यु दिनांक 6/4/2012 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 5/12/2025 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 21/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.**

## कोल गुणवत्ता अभियान पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में दिलाई गई शपथ

**बिश्रामपुर**। एसईसीएल में इस वर्ष गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा एक नए उत्साह और व्यापक जनभागीदारी के साथ मनाया जा रहा है,20 नवंबर से शुरू हुआ यह अभियान 5 दिसंबर तक चलेगा,जिसके तहत खदान क्षेत्रों से लेकर प्रशिक्षण केंद्रों तक हर जगह गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश निरंतर दिया जा रहा है।

क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह के नेतृत्व में बिश्रामपुर क्षेत्र पूरी सक्रियता के साथ इस अभियान को सफल बनाने पहल की जा रही है,पखवाड़े के दौरान कई रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, आयोजन में स्लोगन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, गुणवत्ता जागरूकता कार्यशालाएं चलाई जा रही है, मंगलवार को क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र बिश्रामपुर में आयोजित विशेष सत्र में अधिकारी,कर्मचारी और कर्मी शामिल हुए,उपस्थित जनों को गुणवत्ता के महत्व,कोयले के मानकों और राष्ट्रीय आर्थिक विकास में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कोल उत्पादन में गुणवत्ता सिर्फ कंपनी की विश्वसनीयता नहीं बढ़ाती, बल्कि देश के औद्योगिक ढांचे को मजबूत करने का आधार भी बनती है,क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह एवं गुणवत्ता विभाग की पूरी टीम लगातार सभी खदानों का दौरा कर रही है,वे गुणवत्ता संबंधी मापदंडों का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और कर्मचारियों को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से प्राप्त गुणवत्ता प्रतिज्ञा को दोहराने और उसे ईमानदारी से पालन करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

